तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्र.सं. 22/2019 बजानिब भारतीय स्टेट बैंक बनाम मै. गुलेच्छा प्रिंटिंग वर्क्स	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
7.11.23	पत्रावली आज पेश हुई। उक्त प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के एस.बी.सिविल रिट पिटिशन संख्या 1581/2020 में पारित निर्णय दिनांक 05.02.2022 की पालना में पुनः दर्ज किया गया। चूंकि प्रार्थी का उक्त प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 14 सरफेसी एक्ट माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के निर्देशों से दर्ज हुआ था। अधिवक्ता प्रार्थी बैंक द्वारा उक्त प्रकरण के संबंध में विड्रॉ प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर उक्त प्रकरण को विड्रॉ करने की अनुमति चाही गई। इसी संदर्भ में अप्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर उक्त प्रकरण को विड्रॉ की अनुमति नहीं दिये जाने का निवेदन किया। अधिवक्ता प्रार्थी बैंक व अप्रार्थी दोनों के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्रों का अध्ययन किया गया। चूंकि प्रार्थी बैंक उक्त प्रकरण को न्यायालय हाजा में स्वयं ही नहीं चलाना चाहते है तथा प्रकरण को विड्रॉ की अनुमति चाही जा रही है, ऐसी स्थिति में प्रार्थी बैंक का विड्रॉ प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है तथा अप्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अपोषणीय एवं सारहीन होने से खारिज किया जाता है। अतः उक्त प्रकरण को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के एस.बी.सिविल रिट पिटिशन संख्या 1581/2020 में पारित निर्णय दिनांक 05.02.2022 में पारित आदेश की पालना स्वयं प्रार्थी बैंक के विड्रॉल के कारण संभव नहीं हो पायेगी जिसके लिए प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। जिला मजिस्ट्रेट, पाली जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)	